# कब्रिस्तान में मिला महिला का अर्धनग्न शव

**लखनऊ।** इंटौजा इलाके के कब्रिस्तान में मंगलवार को एक अधेड़ महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में अर्धनग्न शव पड़ा मिला। शब तीन-चार दिन पुराना बताया जा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि महिला की रेप के बाद हत्या कर दी गयी है। जिसके बाद उसके शव को लाकर यहां फेंक दिया गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास किया, पर उसकी पहचान नहीं हो सकी। वहीं पुलिस का कहना है कि मृतका अर्धविक्षिप्त थी। जो यहीं आसपास घूम-घूमकर भीख मांगकर जीवन यापन कर रही थी। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया गया है।

ग्राम सभा पालपुर इंटौजा निवासी जितेन्द्र कुमार गुप्ता ने पुलिस को बताया कि पालपुर स्थित कब्रिस्तान के पास गए महिला का शव पड़ा हुआ है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर आस-पास के लोगों से

### रेप के बाद हत्या की आशंका, नहीं हो सकी शिनाख्त, पुलिस छानबीन में जुटी

पूछतांछ किया तो पता चला कि यह महिला मानसिक रूप से बीमार थी और यहीं आस पास घूम-घूमकर मांगती खाती थी। पुलिस का कहना है कि शव तीन चार दिन पुराना लग रहा है। मृतका नीली साड़ी पहने हुए थी। जिसकी शिनाख्त कराए जाने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल शव पूरी तरह से सड़ चुका था, जिसकी पहचान कराना भी मुश्किल हो रहा है।

### दुर्गन्ध आने पर ग्रामीणों को चला पता

चांदपुर खानपुर गांव के निवासियों को मंगलवार की सुबह बहुत तेज बदबू महसूस हुयी। इस पर ग्रामीणों ने सोचा कि कोई जानवर मर गया होगा, जिसकी दुर्गन्ध आ रही है। लेकिन ग्रामीणों ने सोचा कि अगर जानवर पड़ा होता तो चील, कौवे और कुत्ते जरूर वहां पर मड़राते। जिसके बाद गांव वालों जिस जगह से बदबू आ रही थी वहां जाकर देखा तो उनके होश उड़ गए।

### अर्धनग्न पड़ा था शव

ग्रामीणों के मुताबिक लखनऊ सीतापुर राष्ट्रीय राज्यमार्ग के पास के जंगलों में एक महिला का शव पीठ के बल अर्धनग्न अवस्था में पड़ा था। शरीर के निचले हिस्से में कपड़े नहीं थे। जबकि ऊपर के भाग में केवल पेट साड़ी के पल्लू से ढाका था बाकी तन पर कपड़े नहीं थे। आशंका जताई जा रही है कि महिला की रेप के बाद हत्या कर दी गयी है। जिसके बाद उसके शव को कहीं से लाकर यहां सुनसान हलाके में फेंक दिया गया है। इसकी सूचना गांव के लोगों ने पुलिस को दी तो पुलिस मौके पहुंची और पहचान कराने में जुट गई। महिला की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। ग्रामीणों के मुताबिक महिला के एक पैर का पंजा भी कटा हुआ था। हो सकता है पंजा कोई जानवर काट ले गया हो या फिर हत्या करने वालों ने काट लिया होगा।

## डाक्टर की हत्या करके सड़क किनारे फेंक दिया शव

**लखनऊ।** राजधानी में अपराधियों के हौसले बुलंद है। वो आए दिन दुस्साहसिक वारदाते अंजाम दे रहे है और पुलिस की कार्यवाई है कि सिर्फ एफआईआर तक ही सीमित रहती है। सोमवार को इंदिरानगर में हत्या कर फेंके गए लापता सुरक्षा कर्मी का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था, कि बेखौफ बदमाशों ने मड़ियांव इलाके में एक डाक्टर को मौत के घाट उतार दिया। बाद में हत्यारे शव को सड़क किनारे फेंक कर चलते बने। शव पर राहगीरों की नजर पड़ी तो उन लोगो ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सरेराह एक डाक्टर की हत्या की सूचना जैसे ही पुलिस अधिकारियों को मिली तो हड़कंप मच गया। आनन- फानन में एसपीटीजी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर अज्ञात लोगो के खिलाफ हत्या



का मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाई शुरू कर दी है।

मूलरूप से गोंडा जिला के रहने वाले डॉ. असगर अली (45) ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के कैम्पवेल रोड पर अपने परिवार के साथ रहते हैं। परिजनों के मुताबिक डॉ. असगर ठाकुरगंज के बालागंज हॉस्पिटल में बीयूएमएस डॉक्टर थे। वो सोमवार को वही जाने की बात कहकर निकले थे। काफी देर तक उनके घर न पहुंचने पर परिजन उनकी तलाश कर ही रहे थे। उधर रात करीब 10:30 बजे मड़ियांव पुलिस को गौरभीट के पास एक शव पड़े होने की सूचना मिली तो वो मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। मड़ियांव पुलिस काफी देर तक मामला दबाए रही, लेकिन देर रात मीडियकर्मियों को इसकी भनक लगी तो सोशल मीडिया पर सूचना प्रसारित हो गई। तब डाक्टर की हत्या की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को हुई। तुरंत मौके पर पहुंचे एसपीटीजी हरेंद्र कुमार ने छानबीन की ।मृतक की बाइक भी वह से कुछ दूरी पर पड़ी थी, जिसे देख पुलिस ने पहले तो हादसे में डाक्टर की जान जाने का राग अलापना शुरू कर दिया, लेकिन तभी मौके पर पहुंचे परिजनों ने हत्या की बात कही तो पुलिस बैकफुट पर आ गई। एसपीटीजी हरेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की पड़ताल की जा रही है। वो जल्द ही हत्यारो को गिरफ्तार करने दावा कर रही है।

## सेल्समैन बनकर आए टप्पेबाजों ने उड़ा दिए लाखों के जेवरात

**लखनऊ।** पीजीआई के तेलीबाग स्थित गांधीनगर में कम्पनी के सेल्समैन बनकर आये दो युवकों ने पहले अपने प्रोडक्ट्स फैक्ट्री रेट पर देने की बात कहकर महिलाओं को उलझाया, फिर उन्हें उनके तांबे पीतल के बर्तन साफ करने की बात कही। एक तांबे का लोटा साफ होने पर महिलाओं ने विश्वास कर गहने भी साफ करने को दे दिये। युवको ने महिलाओं को बातों में उलझाया और फिर लाखों के जेवरात लेकर रफूचक्कर हो गए।

विनोद कुमार श्रीवास्तव पत्नी ऊषा श्रीवास्तव के साथ तेलीबाग के गांधीनगर में रहते हैं। वो एक विज्ञापन कंपनी में काम करते हैं। उन्हीं के घर के सामने सुनीता देवी का परिवार भी रहता है। घटना मंगलवार करीब 11 बजे की है। ऊषा के मुताबिक दो युवक कंधे पर बैग लटकाकर आये और डिटॉल कम्पनी के सामान दिखाते हुए फैक्ट्री रेट पर प्रोडक्ट देने की बात कही। उन्होंने कहा, हम लोग पुराने वर्तन, तांबे व पीतल के भी साफ कर देंगे। ऊषा ने बताया कि मैंने उन्हें तांबे

### जेवर साफ करने का झांसा देकर उड़ाए गहने, पीजीआई इलाके का मामला

का लोटा साफ करने को दिया। जिसे उन्होंने तुरंत चमका दिया। विश्वास जमने पर युवकों ने उनसे सोने के गहने भी साफ करने की बात कही। ऊषा ने अपनी दो अगूठियाँ साफ करने को दी। सामने रहने वाली सुनीता देवी यह सब देख रही थीं। उन्होंने अपना मंगलसूत्र व कान की झुमकी लाकर साफ करने को दे दियाए। जिसे उन्होंने साफ कर वापस कर दिया। फिर उनसे अच्छी पालिस करने की बात कर ढक्कनदार डिब्बा मंगाया। सारे गहने उसमें डाल कर पानी डाला व एक पाउडर डाला। बन्द कर उसे गर्म करने को कहा, सुनीता ने बताया कि युवक डिब्बा लेकर मेरी रसोई तक गया। गैस जलाकर डिब्बे को चूल्हे पर रखा और कहा एक और घर मे जाना है, ठंडा होने पर डिब्बा खोलना और दोनो चले गए। जब डिब्बा खोला गया तो जेवरात गायब थे।

## जानकीपुरम में महिला से पर्स लूट

**लखनऊ।** जानकीपुरम में स्कूटी सवार महिला से बाइक सवार बदमाश ने पर्स लूट लिया। पीड़िता ने काफी दूर तक उसका पीछा भी किया, लेकिन सफल नहीं हो सकी। बाद में पीड़िता ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने थाने जाकर तहरीर देने की बात कही। बाद में थाने पहुंची पीड़िता ने थाने पर लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकीपुरम के सहारा स्टेट निवासी अजीत प्रताप सिंह प्राइवेट जॉब करते हैं। वही उनकी पत्नी वंदना सिंह गृहणी है। वंदना ने बताया कि वह मंगलवार दोपहर करीब दो बजे अपनी सहेली विमला सिंह के साथ स्कूटी से घर लौट रही थी। तभी भावना कॉम्पलेक्स के पास पीछे से आया काली बाइक सवार एक बदमाश ने झपट्टा मार कर उनका पर्स छीन लिया और भाग निकला। बकौल पीड़िता पर्स में मोबाइल फोन, पांच हजार रुपये समेत ड्राइविंग लाइसेंस व कुछ अन्य जरूरी दस्तावेज थे। इंस्पेक्टर पीके झा ने बताया कि घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर लुटेरे का सुराग लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## आरटीओ पर लगाया मारपीट व पैसे छीनने का आरोप

**लखनऊ।** आरटीओ और उसके हमराहियों द्वारा ट्रक चालक से अवैध धनउगाही और विरोध करने पर मारपीट कर ट्रक सीज करने की सूचना से पीजीआई इलाके में हड़कम्म मच गया। सूचना पर पहुंचे ट्रक के मालिक से भी बदसलूकी की गई। सूचना फैलते ही सैकड़ों की संख्या में ट्रक यूनियन के लोग पीजीआई कोतवाली पहुंचे और जमकर हंगामा किया। उन्होंने एआरटीओ पर भी मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दी।

ट्रक के मालिक महेन्द्र सचान ने बताया कि चालक दीपक सिंह ट्रक नम्बर यूपी 90 टी 6952 में मौरंग लेकर आया था। जिसे अंसल में उतारना था। वह शहीद पथ की लेन पर गाड़ी खड़ी कर खुद ढाबे पर फ्रेस होने गया था। तभी एआरटीओ वीके अस्थाना अपने हमराहियों के साथ ट्रक के पास पहुंचे। हमराही चंद्रभान ने आवाज लगाकर दीपक सिंह को बुलाकर पैसे की मांग की। इंकार करने पर उससे बदसलूकी की। आरोप है कि हमराहियों ने उससे



मारपीट करने के बाद पैसे छीन लिए। दीपक ने अपने मालिक महेंद्र सचान निवासी इंडिया कालोनी ट्रांसपोर्ट नगर को घटना की सूचना दी। घटना से आक्रोशित सैकड़ों ट्रक मालिक मौके पर पहुंचे तो एआरटीओ ने ओवरलोड और नो पेपर की धारा लगाकर ट्रक सीज कर पीजीआई कोतवाली के सुपुर्द कर दिया। अन्य ट्रक मालिक बीरू चौरसिया ने बताया कि जब हमने रोड से दूर खड़े ट्रक को सीज करने का कारण पूंछा तो उनसे भी बदसलूकी की और उनकी शर्ट भी फाड़ दी। आरोप है कि एआरटीओ के खिलाफ दी गयी तहरीर को पीजीआई पुलिस ने स्वीकार नहीं किया।

## दीवार फांदकर घुसे चोरों ने उड़ाया लाखों का माल

**लखनऊ।** आशियाना थाना क्षेत्र के सेक्टर-एम में बने ईडब्लूएस के मकान की चहार दीवारी फांद कर चोर घर के अंदर घुसे और मुख्य द्वार में लगे ताले को तोड़कर घर में रखे लाखों के जेवरात समेत नगदी पर हांथ साफ कर फरार हो गए। पेशे से पेंटर जग्गू कश्यप अपनी पत्नी रूबी, बेटी मुस्कान व तीन वर्षीय बेटे प्रेम के साथ आशियाना के सेक्टर- एम की रिक्शा कालोंनी के मकान संख्या 368 में रहते हैं। जग्गू की पत्नी रूबी लोंगो के घरों में खाना बनाने का काम करती हैं। जग्गू अपने पैतृक गांव गए हुए है, वहीं पत्नी रूबी सोमवार शाम लगभग 5 बजे अपने बच्चों को साथ लेकर अपने काम पर चली गई। रात लगभग 9 बजे लौट कर गेट का दरवाजा खोलकर अंदर गई तो देखा कि घर के मुख्य द्वार में लगा ताला टूटा हुआ है और घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है। सामान जांच करने पर पता चला कि आलमारी में रखे सोने के जेवरात एक चेन, एक जोड़ा टप्स, एक जोड़ी झुमकी, दो नॉक कील व चांदी की पायजेब और पायल समेत हजारों की नगदी पर चोंरों ने हाँथ साफ कर दिया। जिसकी कीमत एक लाख से ज्यादा रही होगी।

## तिलक चढ़ाकर लौट रहे युवक को दबंगों ने किया अधमरा

**लखनऊ।** कृष्णानगर इलाके में सोमवार रात नशे में धुत आधा दर्जन दबंगों ने तिलक समारोह से लौट रहे युवक को पीट दिया। ऊधर से गुजर रहे एक राहगीर की नजर उनपर पड़ी तो उसने अपने लाइसेंसी असलहे से हवाई फायर करते हुए हमलावरों को ललकारा तो वो घायल युवक को वही छोड़कर फरार हो गए। बाद में इसकी जानकारी पुलिस को मिली तो वो मौके पर पहुंची और पीड़ित के परिजनों को सूचना देने के साथ ही घायल को ट्रामा सेंटर पहुंचाया। जहां इलाज सही न होने के चलते मंगलवार सुबह उसके परिजन उसे लेकर एक निजी अस्पताल चले गए। बताया जाता है कि पीड़ित के बड़े भाई का झगड़ा आरोपियों से हुआ था, जिसके बाद उन लोगों ने बदला लेने के लिए युवक को पकड़ लिया और ईंट से हमला कर लहुलूहान कर दिया।

कनौसी में रहने वाले योगेन्द्र प्रताप सिंह सोमवार शाम अपने किसी परिचित के तिलक समारोह में शामिल होने गए। रात करीब 11 बजे वो अपनी कार से लौट रहे थे, तभी बाराबिरवा स्थित बिजली घर के पास

### कार से लौटते वक्त रास्ते में खड़े धुत युवकों ने रोंका, गाली-गलौज के बाद ईंट से वारकर किया घायल, सिर में लगी गंभीर चोट, अस्पताल में भर्ती



मौजूद आधा दर्जन युवकों ने उसे रोंक लिया और गालीगलौज करने लगे। पीड़ित के मुताबिक उसने इसका विरोध किया युवकों ने उसे पीटना शुरु कर दिया, जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने शोर मचाया तो ऊधर से गुजर रहे राहगीर ने लाइसेंसी असलहे से फायर करते हुए हमलावरों को ललकारा। इस पर हमलावर ईंट से योगेन्द्र के सिर पर ताबड़तोड़ कई वार करके वहां से भाग निकले। बाद में योगेन्द्र ने किसी तरह इसकी सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही पीड़ित को लेकर लोकबंधू अस्पताल पहुंचे, जहां डाक्टरों ने उसकी हालत नाजुक देख युवक को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों के मुताबिक युवक के सिर में पैंतीस टांके लगे हुए है। वहीं सूत्रों की मानें तो सोमवार शाम को योगेन्द्र के बड़े भाई का आरोपियों के साथ झगड़ा हुआ था, जिसपर योगेन्द्र ने बाद में उन्हे देख लेने की धमकी दी थी, इसी से नाराज होकर दबंगों ने घटना अंजाम दी है।

### दो गुटों में खूनी संघर्ष, जमकर चले लाठी डंडे

**लखनऊ।** गुडंम्बा थाने के ठीक पीछे मंगलवार को दो गुटों में जमकर लाठी डंडे चले। सरेराह हुई मारपीट को लेकर आस-पास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। जिसकी सूचना राहगीरों ने 100 नंबर पर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मारपीट कर रहे लोगो को खदेड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोनों पक्षों के खूनी संघर्ष के खेल में करीब दर्जन भर लोग घायल हो गए। घायलों में महिलाओं की संख्या अधिक रही। शिकायत लेकर पहुंची महिलाओं ने थाने के बाहर भी जमकर हंगामा काटा, जिससे कुछ देर रोड भी बाधित रही। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित आपस मे रिस्तेदार है। दोनो परिवार दर्शन के लिए अजमेर गए हुए थे। जहाँ कपड़े सुखाने में एक दूसरे के कपड़े आपस मे बदल गए। इसी बात को लेकर दोनों में हल्की नोक झोंक हुई थी। पीड़ितों के मुताबिक दोनों पक्ष मंगलवार को लखनऊ वापस आ गए। वापस आते ही कपड़ो की बात को लेकर फिर कहा सुनी हो गयी। कहासुनी में गाली गलौज होने लगी। जिस पर दोनो पक्ष लाठी डंडे लेकर मारपीट करने लगे। सरेराह हुई मारपीट में करीब दर्जन भर लोग घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक गुडम्बा राम सूरत सोनकर का कहना है कि घायलों को डॉक्टरी के लिए भेज दिया गया है, वहीं दोनों पक्षो से मिली तहरीर पर मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## गुड़म्बा में मिला नवजात का शव, नहीं हुई शिनाख्त

**लखनऊ।** गुडम्बा इलाके के गायत्रीपुरम में एक अस्पताल के पास मंगलवार को एक नवजात शिशु का शव मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों को बुलाकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया। पहचान न होने पर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

गायत्रीपुरम में एक अस्पताल के पास नाली बनाने का कार्य चल रहा था। मजदूर नाली खुदाई कर रहे थे, खुदाई के दौरान मजदूरों को एक नाले में एक नवजात शिशु (लड़का) का शव दिखाई दिया। नवजीत के शव की सूचना मिलते मौके पर भारी भीड़ जुट गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे इंचार्च नदीम सिद्दीकी शव के शिनाख्त का प्रयास किया। लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। दरोगा ने बताया कि नवजात का शव देख कर लग रहा था कि कुछ समय पहले ही उसका जन्म हुआ हो। वहीं स्थानीय लोगों ने पास के एक निजी अस्पताल के बारे में पुलिस से शिकायत की है। लोगों का कहना था कि अस्पताल में गैरकानूनी कार्य होते हैं। जिसके कारण यहां पहले भी कई नवजात के शव पाए जा चुके हैं।

## अनियंत्रित सफारी ने कार में मारी टक्कर

### चार घायल, दो महिलाओं की हालत गंभीर, ट्रामा में भर्ती

लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्र के हरवंश खेडा लखनऊ से रायबरेली जा रही कार में तेज रफ्तार में सफारी ने जोरदार टक्कर माद दी। हादसे में दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। वहीं सफारी सवार दुर्घटना के बाद वाहन लेकर मौके से फरार हो गये। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी कार सवारों को बाहर निकालकर एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सक ने दो महिलाओं की हालत गंभीर देखते हुये ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया। वही अन्य दो घायलो का प्राथमिक उपचार कर उन्हे छुट्टी दे दी।

रायबरेली जनपद के लोधारी कोठी निवासी देव दत्त सिंह ने बताया वह मंगलवार की सुबह अपनी आईटेन कांर से अपनी मौसी राजवती सिहं (65) व बहन अजीता सिहं (37) व चालक अभय तिवारी निवासी कोरचन्दामऊ थाना भदोखर के साथ लखनऊ के निजी अस्पताल में भर्ती अपने मामा को देखकर शाम 6 बजे के करीब वापस रायबरेली जा रहे थे। तभी निगोहां थाना क्षेत्र के



हरवंशखेड़ा गांव के पास हाइवे पर बने मोड़ से अचानक रायबरेली की तरफ से तेज रफ्तार सफारी यूपी 32 एचसी 2010 के चालक ने एकदम से गाड़ी मोड़ते हुये आईटेन कार में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। दोषी चालक सफारी सहित भाग निकल।

राहगीरों की सूचना पर पहुंची निगोहां पुलिस ने गाड़ी में फंसे सभी चारों घायलों को बाहर निकालने के बाद एम्बुलेंस की मदद से मोहनलालगंज सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सक ने राजवती व अजीता की हालत गंभीर देखते हुये ट्रामा रेफर कर दिया। वही घायल चालक अभय तिवारी व देवदत्त को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी।

### बोलेरो की चपेट में आए किसान की मौत

**लखनऊ।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के फत्तेखेड़ा गांव के पास बाइक से सड़क पार कर रहे मोपेड बाइक सवार किसान को तेज रफ्तार अज्ञात बोलेरो ने कार ने टक्कर मार दी। जिससे किसान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बोलेरो चालक गाड़ी समेत मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के पहासा के रहने वाले किसान ईश्वर दीन रावत मंगलवार को सुबह फत्तेखेड़ा गांव में एक तांत्रिक के पास झाड़फूंक कराने आया था, जैसे ही फत्तेखेड़ा के समीप पहुंच कर सड़क क्रास करने लगा, तभी तेज रफ्तार से मोहनलालगंज की तरफसे आ रही बोलेरो कार ने टक्कर मार दी, जिससे दूर छिटक कर गिर पड़ा और किसान की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने मृतक किसान के परिजनो की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बुलेरो सवारो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## भाकियू कार्यकर्ताओं ने तहसील में घुसकर मचाया तांडव

**लखनऊ।** सरोजनीनगर तहसील प्रशासन से नाराज भारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को तहसील कार्यालय में घुसकर जमकर तोड़फोड़ कर दी। करीब आधे घंटे तक चले तोड़फोड़ के बाद भी मौके पर तहसील का कोई अधिकार नहीं पहुंचा। यही नहीं पहले से मौके पर मौजूद पुलिस प्रशासन भी किसानों के आगे कुछ न कर सकी, बल्कि मूकदर्शक बनी देखती रही। भारतीय किसान यूनियन (भानु गुट) के कार्यकर्ता मंगलवार को संगठन के प्रदेश महासचिव हरनाम सिंह व प्रदेश उपाध्यक्ष लालता सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को सरोजनीनगर तहसील गेट पर अपनी 23 सूत्री मांगों को लेकर धरना दे रहे थे। किसान नेताओं का कहना है कि पहले से ही तहसील प्रशासन को धरने की सूचना होने के बावजूद धरना स्थल पर पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं की गई। उनका आरोप है कि सुबह 10: 30 बजे शुरू हुए धरने के करीब 3 घंटे बीतने के बाद तक भी तहसील प्रशासन की ओर से धरना स्थल पर किसान नेताओं से वार्ता करने कोई नहीं पहुंचा। इसी बीच तेज धूप और गर्मी के कारण काकोरी के बेहटा निवासी किसान सूरज अचानक बेहोश हो गया। उसके बेहोश होने से किसानों में अफरा-तफरी मच गई और सभी किसान आक्रोशित होकर तहसील के अंदर हाल में पहुंच गए। लेकिन वहां भी कोई अधिकारी नहीं नजर आया। जिससे नाराज किसानों ने तहसील के कमरों में घुसकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। इस दौरान उन्होंने मेज, कुर्सी, तखत और कंप्यूटर तक तोड़ डाले। लेकिन फिर भी वहां कोई अधिकारी उन्हें समझाने नहीं पहुंचा। कुछ देर बाद सभी किसान नेता व कार्यकर्ता वापस फिर अपने धरना स्थल पहुंच गए। तोड़फोड़ की सूचना एसडीएम सरोजनीनगर शैलेंद्र कुमार सिंह को दी गई। सूचना पाकर सीओ कृष्णा नगर लाल प्रताप सिंह के साथ पहुंचे एसडीएम ने किसान नेताओं से वार्ता करने की कोशिश की, लेकिन वह डीएम को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। बाद में जब उन्हें पता चला कि डीएम यहां नहीं पहुंच सकते तो सभी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास के लिए रवाना हो गए। उधर बेहोश हुए किसान सूरज का सरोजनीनगर सीएचसी में इलाज कराने के बाद छुट्टी दे दी गयी।

### धरने के दौरान पानी की व्यवस्था और अधिकारियों के मौके पर न आने से थे नाराज

### पुलिस ने रोड कर दिया बंद

मुख्यमंत्री आवास के लिए कूच कर रहे किसानों की जानकारी होते ही पुलिस व तहसील प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। बाद में सूचना पाकर पहुंचे एसडीएम सरोजनीनगर व सीओ कृष्णानगर ने उन्हें कानपुर रोड नादरगंज के पास रोक लिया। सरोजनीनगरए बंथरा व कृष्णानगर थानों की पुलिस के साथ पहुंचे एसडीएम और सीओ ने यहां पर उन्हें काफी समझाने बुझाने की कोशिश की। लेकिन किसान यूनियन के कार्यकर्ता उनकी कोई बात सुनने को तैयार नहीं हुए। बाद में इसकी सूचना डीएम को दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंचे एडीएम प्रशासन श्री प्रकाश गुप्ता और एसपी ग्रामीण डॉक्टर सतीश कुमार ने एक सप्ताह के अंदर उनकी समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया। जिसके बाद किसान शांत हुए।

### इन मांगों को लेकर धरना देने पहुंचे थे किसान

इलाके के परवर पश्चिम गांव के मिनी स्टेडियम से विक्रम शाही व वीपी सिंह तथा खेल के मैदान से अक्षय कुमार आदि के कब्जे हटाने, परवर पश्चिम व अन्य गांव में गरीब पात्रों को आवास हेतु जमीन के पट्टे दिए जाने, वर्ष 1976 व 1991 के पट्टों को संक्रमणीय किया जाने, परवर पश्चिम की बंद सीसी रोड व नाली खुलवाने, खटोला गांव में अवैध कब्जे की जमीन खाली कराने के साथ ही बाहरी लोगों को दिए गए आवासीय पट्टे निरस्त करने, खसरवारा गांव के तालाबों, ग्राम सभा की जमीन पर प्रॉपर्टी डीलर नदीम द्वारा किया गया कब्जा हटाने, गढ़ी चुनौटी की आबादी पर तालाब में दर्ज फर्जी इंद्राज खारिज कर नक्शे व खतौनी में आबादी दर्ज करने, अलीनगर की खतौनी से फर्जी इंद्राज जमीन खाली कराने, बनी गांव में जी रेस्ट गेस्ट हाउस का रोड पर बह रहा गंदा पानी रोकने और ग्रामसभा, बंजर, चकरोड व पीडब्ल्यूडी की भूमि खाली कराने, सई नदी में पानी छोड़ने, अनियमित एवं अत्यधिक विद्युत बिलों को कैंप लगाकर ठीक करने व लतीफनगर से बंथरा मंदिर रोड को शीघ्र डामरीकरण करने के साथ ही कई अन्य मांगों को लेकर किसानों ने धरना दिया।

## माल मिला नहीं और कर दिया लाखों की चोरी का खुलासा

**लखनऊ।** मानक नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन शातिर चोरों को भारी मात्रा में केबिल तार व तार छीलने वाले यंत्र समेत हजारों की नगदी के साथ तीन चोरों को गिरफ्तार किया है, जबकि पकड़े गए, चोरों के दो साथी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है। मानक नगर पुलिस थाना क्षेत्र में बीते दिनों कपड़ों की दुकानों में हुई चोरी का खुलासा करने की बात कह रही है। जबकि मानक नगर पुलिस ने कपड़ की दुकान में हुई लाखों रूपयों की चोरी का एक भी कपड़ा व नगदी बरामद नही किया। पकड़े गए चोरों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

### हजारों रूपये नगदी समेत भारी मात्रा में केबिल तार बरामद, मानक नगर पुलिस को मिली सफलता

मानक नगर थाना प्रभारी संतोष कुशवाह ने बताया कि मंगलवार को उन्हे मुखबिर से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के स्लीपर ग्राउंड पार्क के पास खंडहर में कुछ लोग केबिल तार छिल रहे है। इस पर तत्काल एक टीम गठित कर मुखबिर के बताए स्थान पर रवाना किया गया तो खंडहर में मौजूद चोरों ने पुलिस को देखते ही भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर तीन चोरों को भारी मात्रा में केबिल तार व तार छिलने के यंत्र के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तीनों चोरों ने पुलिस को पूंछतांछ में अपना नाम दरवेश निवासी ग्राम तारन थाना जोकी हाट जिला अर्रिया बिहार, जुबेर अहमद निवासी मीरपुर थाना दुधारा जिला संतकबीर नगर, दीपचंद निवासी लइयावारा थाना कप्तानगंज बस्ती बताया, जबकि पकड़े गए चोरों के दो साथी सलाम व शहबाज बिहार फरार हो गए। फरार चोरों की तलाश में पुलिस की एक टीम गठित कर दी गई है। पकड़े गए चोरों को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है। मानक नगर एसओं ने बताया कि पकड़े गए चोरों ने पूंछतांछ में बताया कि थाना क्षेत्र स्थित रामनगर गुरूद्वारा के पास से तीन ड्रम केबिल तार चोरी किए थे। उक्त चोरी में फरार अभियुक्त सलाम व शहबाज भी शामिल थे। वहीं मानक नगर थाना क्षेत्र पुलिस ने क्षेत्र में स्थित




श्रंदाजलि सूट शोरूम, मेसर्स साडी संसार में कपड़ों की दुकान में तीन दुकानों में छत के रास्ते आकर चोरी होने का खुलासा तो कर रही है पर पकड़े गए चोरों के पास से चोरी हुई तीन दुकानों लगभग सात लाख नगदी व लाखों रूपयों के किमती कपड़ो में से कुछ नही बरामद हुआ। चोरो के पास मात्र तीस हजार चार सौ रूपये बरामद कर क्षेत्र में हुई सभी चोरियों का खुलासा कर अपनी पीठ थपथपा रही है।

### चोरी के माल समेत गिरफ्तार

**लखनऊ।** पीजीआई पुलिस ने भारी मात्रा में बिजली के तारों व अन्य उपकरणों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि बरामद हुए उपकरण चोरी के हैं। थाना प्रभारी पीजीआई ने बताया कि मंगलवार सुबह मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपित की गिरफ्तारी के लिए इलाके में पहले से ही घेराबन्दी कर ली थी। कुछ ही देर में मौके पर आरोपित पहुंच गया। इलाके में भारी पुलिस बल देखकर आरोपित फरार होने लगा। इस पर पुलिस ने आरोपित को दौड़ाकर दबोच लिया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम कृष्णानगर अलीनगर सुनहरा काशीराम कालोनी निवासी राहुल रस्तोगी बताया है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे और उसकी निशानदेही पर 82 होल्डर वायर, आधा बण्डल कॉपर वायर व 1 मीटर नीले रंग के तार व भारी मात्रा में स्टील की टोंटिया बरामद की है। पुलिस का दावा है कि आरोपित ने उक्त उपकरण व तार इलाके से ही चोरी किये हैं। पुलिस आरोपित के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई कर रही है।



### पांच हजार का इनामी दबोचा गया



**लखनऊ।** गुडंबा पुलिस ने 5 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ लूट के कई मुकदमें दर्ज हैं। आरोपित पुलिस को चकमा देकर काफी समय से फरार चल रहा था। थाना प्रभारी गुडंबा ने बताया कि सोमवार शाम मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपित की गिरफ्तारी के लिए टेढ़ीपुलिया के पास पहले से ही घेराबन्दी कर ली थी। कुछ ही देर में मौके पर आरोपित पहुंच गया। पुलिया के पास भारी पुलिस बल देखकर आरोपित फरार होने लगा। इस पर पुलिस टीम ने आरोपित को दौड़ाकर दबोच लिया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम मेला मैदान इटौंजा निवासी प्रभात यादव उर्फ राणा बताया है। थाना प्रभारी के मुताबिक आरोपित के खिलाफ गुड़ंबा थाने में लूट के कई मुकदमें दर्ज हैं। जिसमें वह वांछित चल रहा था। विभाग के आलाधिकारियों ने आरोपित के खिलाफ 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

## शातिर लुटेरा चढ़ा पुलिस के हत्थे

**लखनऊ।** बन्थरा पुलिस ने शातिर लुटेरे को गिरफ्तार करने की सफलता हांसिल की है। आरोपित के कब्जे से नगदी, सोने, चांदी के जेवरात बरामद हुए हैं। पुलिस का दावा है कि आरोपित ने कुछ माह पूर्व इलाके में स्थित यूको बैंक के सामने से एक व्यक्ति का रुपयों से भरा बैग छीना था।



थाना प्रभारी बन्थरा ने बताया कि सोमवार देर शाम मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपित की गिरफ्तारी के लिए बंथरा बाजार में पहले से ही घेराबन्दी कर ली थी। कुछ ही समय बाद मौके पर आरोपित पहुंच गया। बाजार में भारी पुलिस बल देखकर आरोपित भागने लगा। इस पर पुलिस ने आरोपित को दौड़ाकर दबोच लिया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम पुरानी बाजार रहीमनगर निवासी अमर उर्फ राहुल बताया है। आरोपित के कब्जे से नगदी और सोने चांदी के टप्स बरामद हुए है। बकौल पुलिस आरोपित ने पूर्व में इलाके में स्थित यूको बैंक की शाखा के सामने से एक व्यक्ति का रुपयों से भरा बैग छीना था। बैग में 50 हजार रुपये व जरूरी कागजात थे। इसके अलावा आरोपित ने विमला देवी के घर में घुसकर जेवरात चुराये थे। पुलिस आरोपित के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई कर रही है।